परेशानी | लगातार हो रही बारिश से चहुंओर पानी ही पानी

# निरंदपुर व गनियारी पुल डूबे, आवाजाही बंद





**बोरिया नवभारत 3 सितंबर।** बोरिया से गंज खमरिया होते हुए निरंदपुर जाने वाला मार्ग परियट पुल डूब जाने बंद हो गयाा है। इस मार्ग से आवागमन पूर्णत: ठप्प है। इसके अलावा कटंगी रोड पर ग्राम मुरई, गनियारी होते हुए इंद्राना जाने वाले प्रमुख मार्ग गनियारी के निकट का पुल डूब जाने से आवागमन ठप्प हो गया है।

उक्त दोनों पुल डूब जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ वैकल्पिक मार्ग हैं लेकिन उनके लिए काफी लंबा रास्ता होकर गुजरना पड़ रहा है। हालात ये हैं कि इन गांवों में बारिश से निपटने के लिए अब पुल के पास नावों की मदद ली जा रही है।

पिछले तीन से जारी लगातार बारिश से चारों और ठंडक भरा माहौल हो गया है,धूप के एक ओर दर्शन मिलना मुश्किल जा रहा। लोगो को घरों में गीले कपड़ों को सुखाने तरह तरह के जतन करने पड़ रहे हैं। साथ ही मौसम में एक दम से जो परिवर्तन हुआ है उससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार, सर्दी,हर पैर दर्द जैसी अन्य बीमारियां घर घर में पैर पसार रही है। लगातार बारिश का दूसरा परिणाम यह है कि बारिश नहीं रुकी तो अभी दोनों पुल से पानी नीचे आने की संभावना नहीं है।

# मूंग-उड़द में पीत शिरा रोग व फल्ली कीट पर दी सलाह

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों की समस्याओं का मौके पर किया समाधान



**पाटन नवभारत 3 सितंबर।** विकासखंड पाटन के ग्राम रोझा में क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषि विभाग की टीम को किसानों ने मूंग एवं उड़द की फसल में पीतशिरा रोग, फली छेदक कीट सहित अन्य समस्याओं की जानकारी दी।

किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह से संपर्क कर मौके पर ही डॉ सिंह ने किसानों को आवश्यक तकनीकी सलाह एवं समाधान बताया।

**मूंग एवं उड़द की फसल के लिए सलाह** -कीट प्रकोप की स्थिति में क्विनालफॉस 25 प्रतिशत ईसी की 150 मिली प्रति एकड़ की दर से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई। पीतशिरा रोग से प्रभावित पौधों को उखाड़कर मिट्टी में दबाने तथा रोग के प्रसार को रोकने के लिए बुप्रोफेजिन 32 प्रतिशत + क्लोथियानिडिन 12 डब्ल्यूजी की 100 ग्राम अथवा थायमेथोक्साम 50 डब्ल्यूजी की 80 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई। फली छेदक कीटों के नियंत्रण के लिए पूर्व मिश्रित कीटनाशी क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 9.3 + लैम्ब्डा-सायहेलोथ्रिन 4.6 जेडसी की 80 मिली अथवा नोवाल्यूरॉन 5.25 + इंडोक्साकार्ब 4.5 एससी की 330 मिली प्रति एकड़ की दर से 150-200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने को कहा गया।

इसके अलावा धान एवं मक्का की फसलों में भी कीट प्रबंधन के लिए किसानों को आवश्यक सुझाव दिए गए। धान में भूरा, सफेद एवं हरा फुदका के नियंत्रण के लिए पायरीप्रॉक्सीफेन 11.3 + इमिडाक्लोप्रिड 1.9 कीटनाशी 400 मिली प्रति एकड़ की दर से छिड़काव की सलाह दी गई। धान में पत्ती मोड़क तथा तना छेदक कीट के नियंत्रण के लिए अनुशंसित कीटनाशियों का उपयोग करने तथा 150-200 लीटर पानी प्रति एकड़ के साथ छिड़काव करने की सलाह दी गई। इसी प्रकार मक्का में फॉल आर्मीवर्म के नियंत्रण हेतु डेल्टामेथ्रिन 18.18 एससी 100 मिली, अथवा पूर्व मिश्रित कीटनाशी क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 6.5 + थायमेथोक्साम 5 की 300 मिली प्रति एकड़ आदि अनुशंसित कीटनाशियों का उपयोग करते हुए 150-200 लीटर पानी प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई।

**वैज्ञानिकों से तत्काल संपर्क करें**-अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से कहा कि फसल में किसी भी प्रकार के रोग अथवा कीट के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल कृषि वैज्ञानिकों अथवा कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें और अनुशंसित मात्रा में ही कीटनाशियों का प्रयोग करें। मौके पर किसानों की समस्याओं का समाधान मिलने से किसानों ने कृषि विभाग की टीम एवं कृषि वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। चर्चा के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी के साथ स्थानीय किसान अनिल पटेल, राजेश पचौरी, आदर्श पटेल, बब्बू पटेल, सुंदर पटेल आदि उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा व वाहन रैली

## सिहोरा, बेलखाडू, बोरिया, मंझौली, पाटन, पनागर के स्कूलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुतियां



**सिहोरा नवभारत 3 सितंबर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सिहोरा में भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन 4 सितंबर को किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों में खासा उत्साह है।

कार्यक्रम के अनुसार पूजन एवं हवन प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से शाम 3 बजे तक वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली मझौली बाईपास सिहोरा से प्रारंभ होकर कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं, बाबाताल, पुराना स्टैंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक एवं झंडा बाजार होते हुए पुन: मझौली बाईपास पहुंचकर समाप्त होगी।

**सम्मान एवं रंगारंग समारोह शाम को**-इसके बाद दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक सम्मान समारोह, शाम 4 से 6 बजे तक अहीर नृत्य, तथा शाम 6 से रात 8 बजे तक भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रात 8 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक देवी जागरण एवं नृत्य का आयोजन होगा। कार्यक्रम स्थल मझौली बाईपास, सिहोरा रहेगा।

आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में अध्यक्ष सतीश यादव पूर्व पार्षद, उपाध्यक्ष डॉ आर के. यादव, कोषाध्यक्ष छोटे पटेल, सचिव नलिन पटेल, सहसचिव अनिल वर्मन पूर्व सरपंच, पवन यादव, संरक्षक सुनील दुबे, क्षत्रपति ठाकुर, पप्पू यादव, डब्ल्यू यादव, गुलाब सिंह ठाकुर, ज्योति सुनील चक्रवर्ती पार्षद, इंद्रकुमार पटेल पूर्व सरपंच एवं जितेंद्र यादव सहित अनेक धर्मसेवकों ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

**धर्म, भक्ति और उल्लास से सराबोर रहेगा सिहोरा**-जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाली यह शोभायात्रा नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह का वातावरण बनाएगी। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के बीच निकलने वाली वाहन रैली और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### जन्माष्टमी के पूर्व सरस्वती विद्यालय सुंदरपुर में आयोजन



**पनागर नवभारत 3 सितंबर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर पंडित कुंजीलाल दुबे सरस्वती विद्यालय, सुंदरपुर में हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक झांकियां एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने श्रीकृष्ण के जन्म, माखन चोरी, गोकुल की बाल लीलाओं सहित भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सुंदर मंचन कर उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम के उपरांत सभी बच्चों को उपहार स्वरूप पेंसिल किट वितरित की गई। बच्चों में उपहार पाकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक भरत लाल पटेल, समिति कोषाध्यक्ष गिरजा पाठक, समिति सदस्य सुमित यादव, विद्यालय प्राचार्य विक्रम सिंह बघेल, प्रभारी प्रधानाचार्या स्वाति सक्सेना सहित विद्यालय का स्टाफ अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### बिलखरवा शाला में जन्माष्टमी पर्व मनाया



**बेलखाडू नवभारत 3 सितंबर।** संकुल केंद्र बेलखाडू के शासकीय प्राथमिक शाला विलखरवा सूरतलाई, विकास खण्ड पनागर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व जन्मोत्सव त्यौहार को बहुत ही उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राधा -कृष्ण बनकर नृत्य, गायन, सुंदर वेषभूषा धारण कर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। जिसमें शाला के श्रीमती प्रियंका असाटी, राजेश्वरी राजपूत, नीलिमा जैन, पूजा अग्रवाल, महेंद्र कुमार सोनी और विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### श्री जानकी रमण मंदिर कटंगी में जन्माष्टमी कार्यक्रम आज



**कटंगी नवभारत 3 सितंबर।** कटंगी के प्रसिद्ध श्री जानकी रमण मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अनुसार 4 शुक्रवार को रात्रि 10 बजे से भजन-कीर्तन प्रारंभ होगा। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर रात्रि 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से राकेश दुबे ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों से जन्मोत्सव में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना का पुण्य लाभ लेने की अपील की है। मंदिर परिसर में जन्मोत्सव को लेकर विशेष साज-सज्जा की जाएगी और भक्तिमय वातावरण में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### करारी शाला में कृष्ण लीलाएं व मटकी फोड़ आयोजित



**बेलखाडू नवभारत 3 सितंबर।** बेलखाडू से पश्चिम दिशा में 8 किलोमीटर अंदर स्थित ग्राम करारी के शासकीय माध्यमिक शाला में कृष्ण जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कृष्ण जन्म व मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन शाला में किया। स्कूली बच्चों ने रंग-बिरंगे ड्रेस पहनकर सिर पर मुकुट, हाथ में बांसुरी लेकर श्रीकृष्ण सहित, राधा, सुदामा, द्वारपालों का मनमोहक रूप बनाकर कृष्ण जन्म सहित उनके जीवन से जुड़े पात्रों का सजीव मंचन किया। बच्चों ने स्कूल में मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किया। छोटे बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रधानाध्यापिका कल्पना दीक्षित, निशि शर्मा,शिक्षक भागीरथ अहिरवार से कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर घर-घर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है ऐसे में स्कूली छात्र-छात्राओं एक दिन पूर्व शाला में विभिन्न प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया।

### पाटन में निकलेगी नृत्य गोपाल की शोभायात्रा



**पाटन नवभारत 3 सितंबर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 30 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री नृत्य गोपाल की भव्य शोभायात्रा नृत्य गोपाल मंदिर पाटन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं धार्मिक प्रसंग पर आधारित आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नृत्य गोपाल मंदिर लोकन्यास पाटन के ठाकुर रणधीर सिंह, विमल कुमार जैन, आचार्य जगेंद्र सिंह, जुगल किशोर अग्रवाल, राघवेंद्र शुक्ला, आशीष वैद्य, पंडित राजशेखर त्रिपाठी ने सभी धर्म प्रेमियों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने और अपने घर द्वारों को सजाने, भगवान का पूजन कर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

# ब्रह्मलीन स्वामी प्रज्ञानंद के जन्मदिन पर शिष्यों ने किया स्मरण

▶ देश-विदेश में आध्यात्म से किया कटंगी का नाम रोशन



**कटंगी नवभारत 3 सितंबर।** कटंगी के प्रसिद्ध ब्रह्मलीन संत स्वामी प्रज्ञानंद महाराज के 81वें जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय लोगों ने उनका पुण्य स्मरण करते हुए नमन किया। स्वामी जी क्षेत्र के गौरव ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष की आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति के प्रकाशपुंज थे।

उनका आज कटंगी में भौतिक रूप से उपस्थित न होना एक अपूरणीय क्षति है। उनके महाप्रयाण से उत्पन्न रिक्तता को एक ओर शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं तो दूसरी ओर कटंगी के विकास के लिए तत्पर रहते हुए आध्यात्म के क्षेत्र में समूचे भारत वर्ष से लेकर विदेशों में कटंगी के राजसूय यज्ञ के माध्यम से नाम रोशन किया।

ब्रह्मलीन संत स्वामी प्रज्ञानंद ने संपूर्ण जीवन को समाजसेवा, आध्यात्मिक जागरण, संस्कार निर्माण और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित किया। आपके पावन विचारों, सरल जीवन, तपस्या और सद्मार्ग की प्रेरणा ने असंख्य लोगों के जीवन को दिशा दी। आपके उपदेश, आदर्श, संस्कार और आशीर्वाद सदैव उनके अनुयायियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनकी पावन स्मृतियां यहां के लोगों के हृदयों में सदैव जीवित हैं साथ ही आने वाली पीढ़ियों को सत्य, सेवा, सदाचार तथा आध्यात्मिकता के पथ पर चलने की प्रेरणा देती रहेंगी।

# बीड़ी एवं खदान श्रमिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ी

**कटंगी नवभारत 3 सितंबर।** श्रम कल्याण संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह-मैंगनीज-क्रोम तथा माइका अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा तक अध्ययन के लिए 1,000 से 25,000 तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 जून 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। कक्षा 1 से 10वीं तक छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि, जो पहले 31 अगस्त 2026 निर्धारित थी, अब बढ़ाकर 30 सितंबर 2026 कर दी गई है। वहीं उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। योजना के नवीन प्रावधानों के अनुसार पात्र विद्यार्थी एक या एक से अधिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र हो सकते हैं। पात्र श्रमिक परिवार की आय सीमा 21,000 प्रतिमाह अथवा 2.52 लाख वार्षिक तक निर्धारित है। श्रम कल्याण संगठन ने पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा में पर जाकर अपना आवेदन करें। पोर्टलका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# राहुल श्रमजीवी परिषद में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

▶ पाटन में परिषद की बैठक आयोजित



**पाटन नवभारत 3 सितंबर।** नगर में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला इकाई की बैठक में आगामी 5 एवं 6 सितंबर को शहर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय पत्रकार महाधिवेशन की तैयारियों एवं कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महाधिवेशन को सफल एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर सदस्यों के बीच गहन विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेई की सहमति तथा जिला महासचिव घनश्याम मिश्रा की अनुशंसा पर राहुल जैन महाजन को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला इकाई में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने राहुल जैन महाजन को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की।

**इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश सचिव संतराम केवरे.संभागीय उपाध्यक्ष सुजीत सिंह,जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा, जिला महासचिव घनश्याम मिश्रा, जिला संगठन के सभी पदाधिकारी सहित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

प्रदर्शन | कटंगी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय में किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में दिया धरना





**कटंगी नवभारत 3 सितंबर।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद मंच के कथित 'शुद्धीकरण' को लेकर विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में कटंगी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। हल्द्वानी में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं तथा एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने की खबर सामने आई है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के मंच के कथित शुद्धीकरण की घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करना लोकतांत्रिक अधिकार है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस मुद्दे को उठाने पर राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एवं मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज की गई है। कार्यकर्ताओं ने एफआईआर वापस लेने तथा कथित शुद्धीकरण की घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक समानता के मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। हल्द्वानी मामले को लेकर कांग्रेस देश के विभिन्न हिस्सों में राहुल गांधी के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन कर रही है।

**प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित**

धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष नेकरायण सिंह, जिला ग्रामीण अध्यक्ष सेवादल शिव नामदेव, नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जयंत जैन बल्ला महाराज, मंडलम अध्यक्ष क्रमांक-1 मनीष चौरसिया, जगदीश सोनी, मंडलम अध्यक्ष क्रमांक-2 यासिर हनीफ खान, रिक्कू सिंघई, दिनेश जैन, महेंद्र नेमा, नासिर खान, शकील खान, पार्षद मलिक यादव, शहीद जमादार, साहिद मसूरी, हुसैफ रजा, रमन सेन, सत झारिया, पहाड़ी सिंह, युसुफ काजी, पवन सिंह, दौलतराम नामदेव, अंकित सिंह, खिलन सिंह, भगवंत सिंह, विजय नामदेव, अशगर खान, बी.के. टेलर, सत्यम नेमा, ललित सोनी, प्रदीप मिश्रा, लक्ष्मी झारिया, राजा जैन, मोहम्मद जमादार, समीर खान, यशपाल सिंह, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आवास शिविर में 84 समस्याओं का निराकरण

▶ गांधीग्राम में 12 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों से चर्चा

**सिहोरा नवभारत 3 सितंबर।** ग्राम पंचायत भवन गांधीग्राम में 3 सितंबरको प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास शिविर एवं समाधान कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गांधीग्राम की सरपंच श्रीमती राधा विवेक चौरसिया की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर में सेक्टर गांधीग्राम की 12 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक जीआरएस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों से संबंधित हितग्राही उपस्थित हुए। शिविर के दौरान हितग्राहियों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक सुझाव एवं समाधान प्रदान किए गए।

बीसी पीएमएवाई अमरसिंह पटवा एवं पंचायत समन्वयक अधिकारी मनोज राय द्वारा सचिवों एवं रोजगार सहायकों को निर्धारित समय-सीमा में अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने तथा लंबित आवासों की प्रगति 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डिस्ट्रिक्ट जीआईएस में आवश्यक फीडिंग, सितंबर माह के नवीन टैक्स लक्ष्य की जानकारी, 100 प्रतिशत कर वसूली तथा आवासों के सोशल ऑडिट में सहयोग करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

समाधान शिविर के दौरान डीबीटी से संबंधित 12 प्रकरण, खाता सुधार का 1 प्रकरण एवं मृत हितग्राहियों से संबंधित 5 प्रकरणों सहित आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुल 84 हितग्राहियों के प्रकरणों का समाधान किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत गांधीग्राम के सचिव श्री अनिल दत्त तिवारी सहित रोजगार सहायक एवं संबंधित पंचायतों के कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित एवं अपूर्ण आवासों को गति देना तथा हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा।